राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






## ब्रीफ खबर

### झांसा देकर यौनशोषण करने वाला गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** कदमा थाना अंतर्गत टीसी कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय शादीशुदा महिला से शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले पप्पू मुखी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इस संबंध में पीड़िता ने कदमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. पीड़िता ने बताया कि साल 2006 से ही दोनों संपर्क में थे. हालांकि इस दौरान पीड़िता की शादी कहीं और हो गई. बावजूद इसके दोनों के बीच संबंध बना रहा.

### गोलमुरी थाना से 50 मीटर पर वृद्धा से चेन की छिनतई

**जमशेदपुर ।** गोलमुरी थाना अंतर्गत टिनप्लेट मैदान के पास रविवार रात 9 बजे बाइक सवार बदमाशों ने नामदा बस्ती निवासी 60 वर्षीय बलविंदर कौर से चेन की छिनतई कर ली. बदमाश छिनतई करने के बाद मेन रोड की ओर फरार हो गए. घटना के बाद बलविंदर ने गोलमुरी थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. बलविंदर ने पुलिस को बताया कि वह पैदल ही अपने घर की ओर जा रही थी.

### पीड़िता ने कोर्ट में दर्ज कराया बयान

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार यादव पर बीते दिनों एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इधर, सोमवार को पुलिस ने सदर अस्पताल में पीड़िता का मेडिकल करवाया जिसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़िता ने अपना बयान दर्ज करवाया. पीड़ित महिला ने बयान में अपनी प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों का समर्थन किया है.

### कांठालिया में निकली भव्य रथ यात्रा, उमड़े श्रद्धालु

**बहरागोड़ा।** प्रखंड की माटिहाना पंचायत स्थित कांठालिया के जगन्नाथ मंदिर से सोमवार की शाम को गाजे-बाजे के साथ प्रभु जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई. जिसमें पुजारी रामपति होता तथा आशीष होता ने रात में विराजमान प्रभु की पूजा अर्चना की. प्रभु जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी.

### गणेश माहली के सेवा रथ का लोग उठा रहे हैं लाभ

**आदित्यपुर ।** भाजपा नेता गणेश माहली के द्वारा जिले में सेवा रथ चलाया जा रहा है. जिसका आमलोग लाभ उठा रहे हैं. सेवा रथ पिछले पांच दिन से गांव-गांव में घूम रहा है. इस सेवा रथ के माध्यम से आदित्यपुर क्षेत्र के लोगों का निःशुल्क वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, ई श्रम कार्ड आदि का सेवा प्रदान किया जा रहा है. लोग इसके लिए उनकी तारीफ कर रहे हैं.

### तुलसी भवन में राखी मेला 22 से 24 जुलाई तक

**जमशेदपुर ।** महिलाओं को सशक्त करने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला का आयोजन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में 22 से 24 जुलाई तक होने जा रहा है. जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. मेला रोजाना सुबह 10 बजे से रात 09 बजे तक खुला रहेगा. मेला के आयोजन को लेकर मंच की पदाधिकारियों ने सोमवार को पोस्टर का विमोचन किया.

### बकाया पैसे के लिए किसान ने डीएसपी से की शिकायत

**जमशेदपुर ।** पोटका प्रखंड के शंकरदा गांव के समीर कुमार भकत को उनकी पैतृक जमीन का खरीददार गोविंदपुर निवासी कमलेश सिंह गत छह वर्षों से बकाया पैसे के लिए दौड़ा रहा है. सोमवार को समीर के परिजनों ने इसकी शिकायत मुसाबनी डीएसपी से की. डीएसपी ने पोटका थाना को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है. समीर कुमार भकत ने वर्ष 2019 में 119 डिसमिल जमीन का कमलेश सिंह से सौदा किया था.

---

### चांडिल के पाटा टोल प्लाजा पर किन्नरों ने पैसे मांगे तो बाइक सवार युवकों ने की छेड़खानी

# किन्नरों ने चांडिल थाना के गेट पर किया प्रदर्शन, विरोध जताया

**संवाददाता । चांडिल**

टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के पाटा स्थित टोल प्लाजा के पास किन्नर ने बाइक सवार दो युवकों पर छेड़खानी का आरोप लगाया है. टोल प्लाजा में वाहन चालकों से पैसा लेने वाली किन्नर ने अपने अन्य साथियों को छेड़खानी की सूचना दी और देखते ही देखते बड़ी संख्या में किन्नर वहां एकत्रित हुए. इसके बाद छेड़खानी के विरोध में किन्नर ने चांडिल थाना पहुंचे और थाना गेट के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया. इस दौरान एनएच 32 पर वाहनों का आवागमन भी रोक दिया गया. प्रदर्शन कर रहे किन्नर छेड़खानी करने वाले युवकों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे.

छेड़खानी करने का आरोप लगाने वाली किन्नर का कहना है कि वे अपना पेट पालने के लिए पाटा टोल प्लाजा के पास वाहन चालकों से सहयोग मांगते हैं. सोमवार की सुबह बाइक सवार दो युवक टोल प्लाजा पहुंचे जिनसे किन्नर ने सहयोग स्वरूप 10 रुपये की मांग की. बाइक सवार युवकों ने कहा कि उनके पास पैसा नहीं है. फिलहाल नाश्ता करने के लिए वही उन्हें कुछ पैसे दे. युवकों ने टोल प्लाजा में मौजूद किन्नर का मोबाइल नंबर मांगा. किन्नर ने मोबाइल नंबर देने से इनकार कर दिया. इसके बाद बाइक सवार युवकों ने उसके साथ छेड़खानी की. चांडिल थाना पहुंची किन्नरों की टोली बाइक सवार पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे.

चांडिल थाना की पुलिस द्वारा किन्नरों को काफी समझाने और बाइक सवार पर कार्रवाई करने का आश्वासन देने के बाद किन्नर माने और वहां से चले गए. चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव ने कहा कि किन्नर भी पैसे लेने के दौरान किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें. यह सुनिश्चित करें कि इस दौरान किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी ना हो.





टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर पाटा टोल प्लाजा के पास हुई छेड़खानी के विरोध में चांडिल थाना पर प्रदर्शन करते किन्नर.

#### रास्ता बदल कर गए केंद्रीय मंत्री

अपने निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने चांडिल आ रहे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को किन्नरों के आंदोलन के कारण रास्ता बदलकर जाना पड़ा. जब किन्नर चांडिल थाना के समक्ष सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे थे, उसी समय केंद्रीय मंत्री का काफिला वहां पहुंचा. किन्नरों ने उनके काफिले को भी घेर लिया. किन्नरों को पता नहीं था कि वाहन में कौन बैठे हैं. उनके साथ चल रहे लोगों ने उन्हें धनबाद का विधायक बताया और रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से गंतव्य की ओर आगे बढ़े.

---

# चाईबासा में नकली शराब के धंधे का भंडाफोड़, दो धराए

### चार मिनी शराब फैक्ट्री से सरकारी दुकानों में होती थी सप्लाई

- पुलिस आरोपियों से कर रही पूछताछ

**संवाददाता । चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा शहर में सरकारी दुकानों में अवैध नकली शराब बेचने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है. मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पाताहातु में चार मिनी शराब फैक्ट्री का पता चला है. वहां अवैध तरीके से नकली शराब बनाकर सरकारी शराब की दुकानों में भेजा जा रहा था. इस पूरे कारोबार में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मिलीभगत का आरोप भी सामने आ रहा है.

अवैध शराब के साथ जिन दो आरोपियों को पकड़ा गया है वे दोनों चाईबासा शहर के यशोदा चौक के पास स्थित सरकारी शराब की दुकान में कर्मचारी के रूप में काम करते हैं. पिछले तीन महीने से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस सिंडिकेट का भंडाफोड़ में लगे हुए थे. सोमवार की दोपहर में पाताहातु पुल के पास मोटरसाइकिल से बोरे में बांधकर अवैध नकली शराब लेकर जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया. उन्हें पकड़कर उत्पाद विभाग के कार्यालय ले जाया गया. विभागीय कार्रवाई हो ही रही थी कि इसी बीच पाताहातु में मिनी शराब फैक्ट्री संचालित होने की सूचना मिली. भाजपा के कार्यकर्ता और मुफस्सिल थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे. वहां पूछताछ और जांच के बाद चार मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ. वहां एक मकान में एक फैक्ट्री का संचालन हो रहा था और बाकी तीन मिनी फैक्ट्री का संचालन भी थोड़ी दूरी पर दूसरे मकान में हो रहा था. बरामद शराब को कब्जे में लेकर पुलिस की टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है. मिनी शराब फैक्ट्री में तकरीबन हर ब्रांड की खाली बोतल, शराब बनाने का केमिकल, ब्रांड का स्टीकर और झारखंड सरकार का सील बरामद हुआ है.

---

### जंबो अखाड़ा के पास मारपीट का मामला

# घर पर पथराव तक पहुंचा फुटबॉल ग्राउंड का विवाद

### एक पक्ष ने दर्ज कराई प्राथमिकी, कमलेश का नहीं हो पाया बयान

- बंटी सिंह के घर के पास पुलिस बल तैनात
- कमलेश साहू का टीएमएच में इलाज जारी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

सीतारामडेरा थाना अंतर्गत जंबो अखाड़ा के पास अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के भतीजे कमलेश साहू के समर्थकों को बीच रविवार रात जमकर मारपीट हुई थी. इस घटना में बंटी सिंह के समर्थकों ने कमलेश साहू की पिटाई भी की थी. इधर, सीतारामडेरा थाना में एक पक्ष की ओर से बृज किशोर के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. इसमें कमलेश साहू, दुर्गा यादव समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है.

शिकायत में कहा गया है कि कमलेश साहू और उसके समर्थकों ने घर में घुसकर महिलाओं से छेड़खानी की और घर पर पथराव किया. वहीं दूसरे पक्ष से पुलिस को किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है. हालांकि पुलिस ने टीएमएच में इलाजरत कमलेश साहू से उनका बयान लेने की कोशिश की पर वह बयान देने की स्थिति में नहीं हैं. इधर, पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बंटी सिंह के घर के पास अतिरिक्त बल की तैनाती कर दी है. वहीं कमलेश का इलाज टीएमएच अस्पताल में चल रहा है.

बताया गया है कि हरिजन स्कूल मैदान के पास रविवार को बस्ती की ओर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था. मैच के बीच कमलेश साहू के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया था. हालांकि इस दौरान मामले को शांत करवा दिया गया था. देर शाम बंटी सिंह समेत अन्य लोग हनुमान मंदिर के पास खड़े थे. इसी दौरान कमलेश साहू, दुर्गा यादव, अभिजीत मुखी, संजीत मुखी समेत अन्य युवक आए और मारपीट शुरू कर दी. सभी ने बंटी सिंह के घर पर पथराव शुरू कर दिया. इसी बीच सभी कमलेश साहू को पकड़ लिया गया और उनकी पिटाई शुरू कर दी गई. सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डीएसपी भोला प्रसाद ने लोगों को समझाकर कमलेश को ले जाने का प्रयास किया पर लोगों ने विरोध शुरू करते हुए पुलिस को ही घेर लिया. पुलिस ने किसी तरह कमलेश को मौके से निकाला.



बंटी सिंह के घर के बाहर तैनात जवान व पुलिस अधिकारी.



टीएमएच में इलाजरत कमलेश साहू.

---

# आनंदपुर से पीएलएफआई उग्रवादी बाबू गिरफ्तार

- पुलिस ने भेजा जेल, देसी कट्टा और मोबाइल बरामद
- मुंडा टोला में घूमने की ग्रामीण ने दी थी सूचना

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

पीएलएफआई उग्रवादी बाबू उर्फ रिंकू साहू को आनंदपुर थाना क्षेत्र के मुंडा टोला से रविवार देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार किया. उसे सोमवार को जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार बाबू उर्फ रिंकू साहू के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक आइटेल कंपनी का मोबाइल बरामद किया है. मामले को लेकर पुलिस ने कांड संख्या 10/24 धारा -329(4)351(2) बीएनएस 25(IB)(a)26 आर्म्स एक्ट के तहत उसे जेल भेज दिया. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयदीप लकड़ा ने पत्रकारों को बताया कि आनंदपुर मुंडा टोला निवासी विकास चंपिया द्वारा गुप्ता सूचना मिली थी की पीएलएफआई उग्रवादी रिंकू साहू हथियार के साथ मुंडा टोला में घूम रहा है और बंदूक की नोंक पर डरा धमका कर जबरदस्ती हथियार विकास के घर पर रख दिया है.

सूचना पर पुलिस ने टीम गठित कर मुंडा टोला में छापेमारी अभियान चलाया. इस क्रम में पुलिस को आता देख उग्रवादी रिंकू साहू हथियार लेकर भागने लगा. वहीं पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उग्रवादी रिंकू को खदेड़ कर पकड़ लिया. उसके पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल बरामद किया गया है. छापेमारी टीम में एसआई सदानंद कुमार, हवलदार राज बहादुर, सोर्जन होरो, गुरुचरण सोय आदि मौजूद थे. इधर गिरफ्तार रिंकू साहू को सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया.

पीएलएफआई उग्रवादी बाबू उर्फ रिंकू साहू के खिलाफ आनंदपुर थाना में तीन और बानो थाना में एक आपराधिक मामला दर्ज है. रिंकू के ऊपर हत्या, फिरौती समेत पुलिस पर फायरिंग तथा हथियार रखने को लेकर आनंदपुर थाना में कांड संख्या 13/16 धारा- 25(IB)(a)26 (1)/35 17 सीएल आर्म्स एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है. दूसरा मामला आनंदपुर थाना में कांड संख्या 10/17 धारा 302/34 भादवि, 27 17 सीएल आर्म्स एक्ट, तीसरा मामला आनंदपुर थाना में कांड संख्या 21/17 के तहत मामला दर्ज है.



पुलिस हिरासत में पीएलएफआई उग्रवादी बाबू उर्फ रिंकू साहू



---

### अखिलेश सिंह पर फायरिंग के मामले में डीएसपी का बयान दर्ज

**जमशेदपुर ।** कोर्ट परिसर में अखिलेश सिंह पर फायरिंग करने के मामले में सोमवार को एडीजे 4 आनंदमणि त्रिपाठी की अदालत में डीएसपी सुनील कुमार चौधरी की गवाही हुई. इस दौरान अखिलेश सिंह को वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा दुमका जेल से पेश किया गया था. डीएसपी ने अखिलेश सिंह को पहचान लिया.वहीं इससे पूर्व पुलिसकर्मी मुरारी ने अखिलेश सिंह व अन्य आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया था.

## श्यामसुंदरपुर में आभूषण व्यापारी से 14 लाख के गहनों की छिनतई

**संवाददाता । जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना अंतर्गत पिताजुड़ी चौक में सोमवार सुबह बाइक से आए दो बदमाशों ने आभूषण व्यापारी उत्तम साव से 14 लाख के गहनों की छिनतई कर ली. बदमाशों ने बांसदा के पास अपनी बाइक छोड़ी और जंगल की ओर भाग गए. पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है. जानकारी के अनुसार उत्तम सोमवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे थे. ताला खोलने के दौरान उन्होंने पाया कि किसी ने ताला के छेद में बालू और फेवीक्विक डालकर उसे बंद कर दिया है. इसी बीच, बाइक पर सवार होकर दो युवक मौके पर पहुंचे और उत्तम साव की बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे गहनों से भरा बैग लेकर भाग गए. बैग में लगभग 100 ग्राम सोने के जेवरात तथा 4 से 5 किलो चांदी के जेवरात थे. अंदाजा लगाया जा रहा है कि लुटेरे काफी समय रेकी कर रहे थे. दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा नहीं था.

### रथ यात्रा देखने आए दंपती पर गिरी पेड़ की डाल, महिला की मौत

**जमशेदपुर ।** पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम से बिष्टुपुर में रथ यात्रा देखने आए दंपती पर पेड़ की डाल गिर गई. इस घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार 59 वर्षीय कृष्णा विशाल अपने पति जदुपति विशाल के साथ रविवार को जमशेदपुर में रथ यात्रा देखने के लिए आए थे.

---

### बैठक | विकास कार्यों को अपेक्षित गति दें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें: उपायुक्त

# शिथिलता पर चार प्रखंडों के मनरेगा एई और जेई का वेतन रोका

- पंचायत स्तर पर निर्गत हों जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र
- 5870 छात्रों के लिए 6 करोड़ 11 लाख जारी

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले में चल रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की. इस दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन में पिछड़ने पर जहां कई प्रखंडों के अधिकारियों को फटकार लगी. वहीं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही तथा एमबी इंट्री लंबित रखे जाने पर चाकुलिया, घाटशिला, गोलमुरी सह जुगसलाई एवं पोटका के एई, जेई की सैलरी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी . सभी को 15 दिनों में योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया. बैठक में आवास सहित 15वें वित्त व मनरेगा योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई एवं योजनाओं में कार्य प्रगति, पूर्ण योजनाएं, ग्राम पंचायत स्तर पर कितने लोगों को विकास योजनाओं के कार्यान्वयन से रोजगार उपलब्ध कराया गया आदि की जानकारी ली.

बैठक में उपस्थित कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि ग्रामीण विकास से जुड़ी अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराएं. खासकर जीविकापोर्जन से जुड़ी पशुधन, बागवानी, सिंचाई तथा मनरेगा की अन्य योजनायें शामिल हैं. उपायुक्त ने कहा कि ये सभी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के आधार हैं. योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने में कोई लापरवाही नहीं बरतें, तय समय में पूरा करें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें. 15वें वित्त आयोज की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि पंचायत समिति की बैठक 13 जुलाई तक हर हाल में संपन्न कराने के लिए कहा. साथ ही निर्देश दिया कि पंचायत स्तरीय अधिकारी बायोमीट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य रूप से बनाएं.

सभी से योजनाओं की बची राशि जल्द से जल्द खर्च करने के लिए कहा. पंचायत ज्ञान केन्द्र खोले जाने के लिए जिले में चिन्हित सभी 51 ग्राम पंचायतों की सामग्री की खरीद 17 जुलाई तक कर लेने, कैश बुक अपडेट रखने, सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया.

जिला अनुमोदन समिति ने सोमवार को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए 5870 छात्रों के लिए 6 करोड़ 11 लाख रू. का अनुमोदन किया. हालांकि इसके लिए कल्याण विभाग के पास 22425 आवेदन आए थे. जिनमें 8226 विभिन्न शिक्षण संस्थान द्वारा अब तक अप्रूव किया गया है. उपायुक्त ने शिक्षण संस्थानों को इसमें तेजी लाने के लिए कहा. जिससे समय पर छात्रवृति मिल सके.



#### 'लोग जोड़े गड्ढा कोड़े महाअभियान' चलाने का निर्णय

समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को प्रखंड व पंचायतस्तर पर 'लोग जोड़े गड्ढा कोड़े' महाअभियान चलाने का निर्देश दिया. साथ ही 12 जुलाई तक बिरसा हरित ग्राम योजना में कुल 1500 एकड़ जमीन चिन्हित करने, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के ऑनगोइंग स्कीम में भुगतान किए जाने, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में ऑनगोइंग योजनाओं को जल्द पूर्ण करने, पशुधन योजना के लाभुकों का शेड निर्माण पर विशेष फोकस करने तथा सभी योजनाओं में शत प्रतिशत एमबी इंट्री करने का निर्देश दिया गया.

#### वर्ष 2016 से लंबित हैं 397 आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि वित्तीय वर्ष 2016-22 तक स्वीकृत 47462 आवासों में अब तक 397 आवास का निर्माण लंबित है. नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने सभी प्रखंडो को आगामी 15 दिनों में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा. इसी 7822 आवास की प्रथम किस्त जारी होने के बाद मात्र 2268 लाभुकों का प्लिंन्थ स्तर की जियो टैग करने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई. साथ ही दूसरी किस्त जल्द से जल्द जारी करने का निर्देश दिया.

---

# शंख मैदान में स्थापित होंगे 12 ज्योतिर्लिंग के स्वरूप

### सूर्यधाम शिव मंदिर में अरघा से होगा जलाभिषेक



**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

पवित्र सावन माह की शुरूआत 22 जुलाई से हो रही है. इसे देखते हुए सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति भव्य तैयारियों में जुट गई है. 5 अगस्त को तृतीय सोमवारी पर सामूहिक जलाभिषेक यात्रा का आयोजन किया गया है. उक्त जानकारी समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने दी.

उन्होंने बताया कि इस बार मंदिर समिति ने श्रावण मास के पूरे 29 दिन शिवभक्तों को बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराने की तैयारी की है. इसके लिए सूर्य मंदिर परिसर में स्थित आध्यात्मिक स्थल शख मैदान में बारह ज्योतिर्लिंगों के स्वरूप स्थापित किए जाएंगे.

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार तृतीय सोमवारी पर भव्य जलाभिषेक यात्रा निकाली जाएगी. जिसमें हजारो शिवभक्त स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर भोलेनाथ पर अर्पित करेंगे. भीड़ को देखते हुए वैद्यनाथ धाम की तर्ज पर अरघा से जलार्पण की व्यवस्था की गई है. जिसका सीधा प्रसारण दो बड़े एलईडी स्क्रीन पर किया जाएगा.जलाभिषेक यात्रा में भक्तिमय संगीत. विशालकाय शिवलिंग, आकर्षक झांकी, घोड़ा, केसरिया ध्वज आकर्षक का केंद्र रहेंगे. जलार्पण के पश्चात आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में महाप्रसाद वितरण किया जाएगा. यहां प्रसाद वितरण के अलग अलग काउंटर एवं पानी के अलग काउंटर लगाए जाएंगे. सूर्य मंदिर समिति ने जलाभिषेक यात्रा की सफलता के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी है. प्रेस वार्ता में मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे.

## ब्रीफ खबरें

### नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को भेजा जेल

**जमशेदपुर ।** मानगो सहारा सिटी दुष्कर्म मामले से चर्चा में आए नानक चंद्र सेठ को मानगो पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसे नाबालिग से छेड़खानी करने के मामले में गिरफ्तार किया है. मानगो थाना में जनवरी 2024 में नानक सेठ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. कोर्ट में दिए गए बयान में पीड़िता ने छेड़खानी की बात स्वीकार की थी. पुलिस मामले की जांच कर रही थी. मामला सत्य पाए जाने के बाद पुलिस ने सोमवार को नानक सेठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बता दे कि नानक सेठ की पत्नी ने भी प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

### स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ डेढ़ दर्जन बच्चों को

**जमशेदपुर ।** सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना (प्रायोजन योजना) के पोटका के पूर्व पार्षद करूणामय मंडल ने प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन बच्चों की सूची सामाजिक सुरक्षा विभाग को सौंपी थी, जिसे विभाग ने मंजूरी प्रदान की. लाभान्वित होने वाले बच्चों में बिट्टू दास, गौरी शंकर दास एवं शेखर भकत , संगीता भकत , रितिका मंडल , वर्णाली मंडल , सौरभ गोप, रूणु भकत, धनंजय कालिंदी, आशीष कालिंदी, , नेहा दास, सचिन सोरेन, मौसूमी भकत, नयन भकत, मंगल सामंत , कृष्ण दास , राहुल दास एवं निशा दास शामिल हैं.

### चेक बाउंस मामले में अपील को कोर्ट ने किया खारिज

**जमशेदपुर ।** चेक बाउंस मामले में निचली अदालत से आरोपी को बरी किए जाने के खिलाफ सूचक द्वारा दायर अपील मामले में सुनवाई कर रहे प्रथम न्यायाधीश सह जिला जज अनिल कुमार मिश्रा-वन की अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी. मानगो निवासी संजीव कुमार भगत ने 9 लाख रुपये का चेक बाउंस का एक मामला टेल्को निवासी श्रीराम सिंह के खिलाफ दायर किया था. तत्कालीन प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी उत्कर्ष जैन की अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए 10 नवंबर 2023 को आरोपी श्रीराम सिंह को साक्ष्य अभाव में बरी कर दिया था.

### देश में महंगाई, बेरोजगारी की सुनामी : आनंद बिहारी

**जमशेदपुर ।**टेल्को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में सोमवार को ग्वाला बस्ती में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया. इसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम के अतिथि आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही व्यापारियों की बांछे खिल गईं. आम जनता की कमर तोड़ने का दौर शुरू हो गया. सभी जरूरी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं. दूध समेत खाद्य पदार्थों की कीमत बढ़ा दी गई है. मोबाइल कंपनियों ने फ्री में कनेक्शन देने के बाद अब मोबाइल का रिचार्ज और इंटरनेट काफी महंगा कर दिया है.

### झारखंड आंदोलनकारी ने डीडीसी को सौंपा ज्ञापन

**घाटशिला ।** झारखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी रामदास हांसदा ने सोमवार को उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई है कि फुलडुंगरी बस पड़ाव की सुरक्षित जमा राशि बढोत्तरी एवं शेष राशि जमा पर विचार किया जाए. वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए फुलडुंगरी बस पड़ाव की निलामी हुई थी. जिसमें सुरक्षित जमा राशि 6,40,550 रुपया थी. 2024-25 में इसे 9,05,861 रुपया कर दिया गया है. सैरात की सुरक्षित जमा राशि हर साल नहीं बढ़ाई जाती है. सुरक्षित जमा राशि बढ़ाने से निलामी लेने वालों को काफी बोझ पड़ेगा.

### पानी की समस्या पर 14 को मोर्चा करेगी बैठक

**आदित्यपुर ।** नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या को लेकर सामाजिक संस्था जनकल्याण मोर्चा ने अब आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है. मोर्चा ने रणनीति बनाने के लिए आगामी 14 जुलाई को बैठक बुलाई है. जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी. बता दें कि हाई कोर्ट के निर्देश के बाद बीते 3 जुलाई को आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति का कार्य कर रहे संवेदक गेल इंडिया के महाप्रबंधक और एक अन्य अधिकारी ने सशरीर उपस्थित होकर हलफनामा दायर किया है, जिसकी अगली सुनवाई 31 जुलाई को होनी है.

वर्षों से बसे लोगों की जमीन का हक दिलाने के लिये 18 को सीओ के माध्यम से राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

# आदित्यपुर में 1983 सर्वे सेटलमेंट लागू कराने के लिए करेंगे आंदोलन : रमेश

**संवाददाता । आदित्यपुर**

भाजपा नेता रमेश हांसदा ने कहा कि 1983 सर्वे सेटलमेंट आदित्यपुर में लागू कराने को लेकर जल्द आंदोलन करेंगे. वह सोमवार को यहां प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे. भाजपा नेता ने कहा कि वे इस मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाते हुए वर्षों से बसे लोगों को जमीन का हक दिलाने हेतु जन आंदोलन करेंगे.

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में टाटा कंपनी ने 1907 से ही लोहे का निर्माण शुरू कर दिया था. निर्माण में लगे हजारों मजदूर अगल-बगल के क्षेत्र से लाए गए. इनमें अधिकतर आदिवासी मूलवासी शामिल हैं. इसके साथ ही आदित्यपुर में भी रैयतों से जमीन अधिग्रहण करके औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण किया गया. इसमें भी काम करने के लिये हजारों लोग झारखंड और अन्य प्रांतों से यहां आये. सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र तो बना दिया, लेकिन यहां काम करने वालों के रहने की कोई व्यवस्था नहीं की. पैसे के अभाव में ये लोग रैयती जमीन नहीं खरीद पाए और सरकारी जमीन पर बसना शुरू किया. अब इस क्षेत्र में 43 से अधिक बस्तियां बस गईं हैं. सरकार ने भी इन लोगों को मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, राशन सभी तरह की सुविधा मुहैया करा दी है. लेकिन अवैध तरीके में बसे होने के कारण कई अन्य लाभों से वंचित रहना पड़ रहा है.

सरकार के नियम के मुताबिक कोई व्यक्ति 30 साल से ज्यादा किसी भी सरकारी जमीन पर बस जाता है तो उस जमीन पर उसका हक हो जाता है. अब भाजपा इसकी लड़ाई लड़ेगी. ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र की बस्तियों में जन जागरण करेगी. प्रेस वार्ता में भाजपा नेता बिशु महतो, अभिजीत दत्ता, माइकल महतो, महाजन साव, केदार जायसवाल, राजेश गोप आदि शामिल थे.



प्रेसवार्ता को संबोधित करते भाजपा नेता रमेश हांसदा

# घाटशिला को जिला बनाने के लिये समिति का धरना




**घाटशिला के लोगों के साथ भारी अन्याय हुआ: प्रो. मित्रेश्वर**

**संवाददाता। घाटशिला**

जिला निर्माण संघर्ष समिति घाटशिला की ओर से घाटशिला को जिला बनाने की मांग को लेकर सोमवार को घाटशिला अनुमंडल कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. समिति के संयोजक भाजपा नेता लखन मार्डी ने धरना प्रदर्शन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर की उपनिवेशवाद की गुलामी ने घाटशिला को गर्त में धकेल दिया. यहां की जनता आज भी पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भरोसे जिंदा है. स्वास्थ्य सेवा झाडग्राम, बारीपदा, भुवनेश्वर व कटक के अस्पतालों के भरोसे है. यहां की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है. यहां की सड़कें बदहाल हैं. लखन मार्डी ने कहा कि जब घाटशिला मेन रोड पर घुटना से ऊपर कचरा पानी बहता हो तो इस क्षेत्र की जनता सुदूरवर्ती इलाकों के गांव में किस तरह से रहती है यह कल्पना की जा सकती है. पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है. यहां के लोग आज भी पीएम आवास, आबुआ आवास, वृद्धा पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित हैं. टाटा कंपनी की गोद में फलने फूलने वाले नेता और अधिकारी इस क्षेत्र के आम जनमानस की समस्या को नहीं समझ पाते. इसलिए घाटशिला को जिला बनाना अति आवश्यक है. जिसमें घाटशिला और बहरागोड़ा दो अनुमंडल बने.

प्रो. मित्रेश्वर ने कहा इस क्षेत्र के लोगों के साथ भारी अन्याय हुआ है. जब सरायकेला, खरसावां, सिमडेगा, लोहरदगा, रामगढ़ आदि क्षेत्र जिला बन सकता है तो घाटशिला की अवश्य सुधि ली जानी चाहिए थी. भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी गीता मुर्मू ने कहा कि संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक घाटशिला जिला नहीं बनेगा. सभा का संचालन प्रदीप कुमार पिंटू ने किया. धन्यवाद ज्ञापन समाज सेवी तपन बेहरा ने किया. मुख्य रूप से प्रो सुबोध सिंह, हेमंत नारायण देव, विश्वनाथ बेहरा, सत्या तिवारी, संजय महाकुड, सुजन मन्ना, कौशिक कुमार, मंटू प्रजापति, दीपक दंडपाठ के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे.

# पीएम आवास योजना के 120 फ्लैट डेढ़ माह में बन जाएंगे

**संवाददाता । आदित्यपुर**



सोमवार को अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में काशीडीह किफायती आवास योजना का औचक निरीक्षण किया गया. उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के निराकरण के उद्देश्य से आज ही कार्यालय कक्ष में बैठक की. जिसमें कार्यपालक अभियंता (विद्युत), काशीडीह आवास योजना के संवेदक एवं जुडको के पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक के दौरान संवेदक ने आश्वस्त किया कि एक से डेढ़ माह के भीतर प्राथमिकता के तहत चार ब्लॉक में से 120 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा. विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों से स्वीकृति मिलने के बाद ही उक्त परियोजना के लिए निःशुल्क विद्युतीकरण का कार्य किया जा सकेगा. उन्होंने बताया कि वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाद वह अपर नगर आयुक्त को बता सकेंगे, ताकि लाभुकों को समय पर गृह प्रवेश कराया जा सके. बैठक में नगरीय प्रशासन निदेशालय के विशेषज्ञ मुकेश कुमार झा, प्रधानमंत्री आवास योजना आदित्यपुर के नोडल पदाधिकारी कुलदीप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे.

# मीरूडीह बाजार में चंपाई ने किया झामुमो कार्यालय का उद्घाटन

**विशेष सहयोगी । आदित्यपुर**



आदित्यपुर से सटे मीरुडीह बाजार में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नये कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया. इस मौके पर काफी संख्या में लोग पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जुटे थे. मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री के आप्त सचिव गुरु प्रसाद महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत प्रधान, झामुमो जिला उपाध्यक्ष भुंडा बेसरा, परमेश्वर प्रधान, सुभाष करवा, बुबाई शर्मा आदि उपस्थित थे.

## दुबई में जमशेदपुर के दो युवक फंसे एसएसपी से वापस लाने की गुहार

- कंपनी ने रख लिया पासपोर्ट, मांग रही छह हजार दिरहम
- कंपनी ने दोनों को बाहर निकाला

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के आजादनगर बगानसाही से काम करने दुबई गए दो युवक दुबई में फंस गए हैं. परिजनों ने एसएसपी से दोनों को वापस लाने की गुहार लगाई है. इस संबंध में परिजनों ने एसएसपी से मिलकर लिखित शिकायत की है.

आजादनगर थाना क्षेत्र के बगानसाही निवासी फारुक और आफताब आलम अंसारी को मानगो में एक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के संचालक आमीर ने दुबई की एक अच्छी कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था. दोनों युवकों से आमीर ने 75-75 हजार रुपये लिए थे. 1 जून को दोनों ने मुंबई से दुबई के लिए उड़ान भरी. दुबई पहुंचने के बाद दोनों को पता चला कि जिस कंपनी में उन्हें काम करने को कहा गया है वह दूसरी कंपनी है और वेतन भी कम है. कंपनी ने दोनों से एक एग्रीमेंट भी साइन करवाया जिसमें लिखा गया है कि दो साल से पहले कंपनी नहीं छोड़ सकते. अगर दो साल से पहले कंपनी छोड़ा को छह हजार दिहरम ( 1.20 लाख) रुपये देने होंगे.

इधर, जब फारुक और आफताब ने विरोध किया तो कंपनी ने दोनों को निकाल दिया और दोनों के पासपोर्ट भी रख लिए. अब दोनों दुबई की सड़कों पर किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं. दोनों के दुबई का वीजा 2 जुलाई तक ही है. परिजनों ने बताया कि इस संबंध में एजेंट आमीर से भी मिले पर आमीर ने कंपनी को रुपये देने पर ही जोर डाला. परिजनों ने बताया कि जब इस संबंध में आजादनगर थाना गए तो पुलिस ने शिकायत नहीं ली जिस कारण उन्हें एसएसपी की शरण में आना पड़ा है. एसएसपी ने आजादनगर थाना प्रभारी को जांच के आदेश दिए हैं.

## डिमना चौक में झोपड़ीनुमा दुकान में लगी आग, आठ दुकानें खाक



**संवाददाता ।जमशेदपुर**

एमजीएम थाना अंतर्गत डिमना चौक के पास बने झोपड़ीनुमा दुकानों में रविवार देर रात अचानक आग लग गई. आग ने धीरे-धीरे आस-पास के भी दुकानों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया.

आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को दी. सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग के दो दमकल मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए. घटना की सूचना पीड़ित दुकानदारों को भी दी गई. दुकानदार अपनी दुकानों से सामानों को निकालने के प्रयास में लग गए ताकि कुछ सामानों को आग से बचाया जा सके पर इस घटना में दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई. आग ने कुल आठ दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया.

पीड़ित दुकानदार प्रदीप गोराई ने बताया कि डिमना चौक के पास उनकी फल की दुकान है जिसमें बैग और हेलमेट भी बेचते है. रात को वे दुकान बंद कर अपने घर चले गए. रात एक बजे बगल के दुकानदार ने फोन कर जानकारी दी. जब वे घटना स्थल पर पहुंचे तो पाया कि दुकान में आग लगी है और दमकल बुझाने के प्रयास में जुटा है.

प्रदीप ने बताया कि इस घटना से उन्हें लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है. इसके अलावा पशुपति महतो की फल दुकान, सलिल मंडल का होटल, जयल गोराई की चाय दुकान, दत्ता जी की श्रृंगार की दुकान, विश्वनाथ महतो की चिकन दुकान और वृंदावन गोराई की चाउमिन दुकान में आग लगी. आग से 8 से 10 लाख के नुकसान का अनुमान है. प्रदीप ने बताया कि संभवतः किसी असामाजिक तत्व ने दुकानों में आग लगाई है.

## संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में नवागंतुक समारोह का आयोजन

**घाटशिला ।** संत नन्द लाल स्मृति विद्या मंदिर में 11वीं के छात्रों के लिए सोमवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया. इसके अंतर्गत विद्यालय कप्तान व उप कप्तान इशिता मुखर्जी, आनंद प्रसाद एवं आदित्य सुनवार ने विद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा किये. कक्षा 12वीं के छात्रों ने नृत्य-संगीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया. प्राचार्य नीलकमल सिन्हा ने कहा कि छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए आगे बढ़ें तथा प्रत्येक अवसर का लाभ उठाएं. विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल ने बच्चों को अनुशासित, समय का पाबंद होने को कहा तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. 12वीं के छात्रों ने 11 वीं के बच्चों को पेन भेंट कर अपना स्नेह जताया. संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 12वीं की आरोही पांडे तथा मोहित कुमार महतो ने किया. धन्यवाद ज्ञापन कक्षा 11वीं की मेघा शर्मा द्वारा किया गया. इस दौरान शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक, एकेडमिक इंचार्ज एसआर दत्ता, अनुशासन प्रभारी इन्द्र कुमार रॉय, सह शैक्षणिक प्रभारी सास्वती रॉय पटनायक आदि उपस्थित थे.



संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में नवागंतुक समारोह में कार्यक्रम करते हुए बच्चे.

**पुलिसिंग** चोरी की बाइक छुपाने के लिए पार्किंग का इस्तेमाल, अभियान चलाएगी पुलिस : एसएसपी

# सड़क किनारे अवैध तरीके से खड़े वाहनों को भी जब्त किया जाएगा

**संवाददाता ।जमशेदपुर**

शहर में कई ऐसे अवैध पार्किंग स्थल है जहां वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है. ऐसे में सड़कों में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. वहीं बाइक चोर गिरोह ऐसे अवैध पार्किंग स्थलों का इस्तेमाल चोरी की बाइक को छुपाने में करते है. इसे लेकर पुलिस जल्द ही अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान चलाएगी. एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पूरा खाका तैयार किया है. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी यातायात थाना प्रभारियों को आदेश दिया गया है कि वैध और अवैध पार्किंग स्थलों को चिह्नित करें. इसके बाद उक्त स्थलों में खड़े वाहनों की सत्यापन करें. उन्होंने बताया कि जुगसलाई नगर परिषद, जेएनएसी और मानगो नगर निगम से ऐसे वैध और अवैध पार्किंग स्थलों की लिस्ट मांगी गई है. इसके अलावा सड़क किनारे अवैध तरीके से खड़े वाहनों को भी जब्त किया जाएगा.



एसएसपी किशोर कौशल.

**चेकिंग प्वॉइंट बदलते रहेंगे**

एसएसपी ने बताया कि शहर में फिलहाल सीमित स्थल पर स्थाई चेकिंग प्वॉइंट है जिसकी जानकारी सभी को है. ऐसे में लोग उक्त चेकिंग प्वॉइंट से नहीं जाते. अब पुलिस कई अस्थाई चेकिंग प्वॉइंट पर जांच अभियान चलाएगी ताकि नियम की अनदेखी करने वालों को पकड़ा जा सके.

पुलिस रैश ड्राइविंग करने वाले, कार में काले शीशे लगाने वाले और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है. उन्होंने बताया कि बिष्टुपुर और साकची थाना क्षेत्र में कई ऐसे बार हैं जो रात तक खुले होते हैं. इन जगहों पर पुलिस ज्यादा फोकस करेगी.

### बेहतर कार्य नहीं करने वाले थानेदार नपेंगे

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि हर शनिवार को उनके द्वारा थानेदारों के साथ एक समीक्षा बैठक की जाएगी जिसमें किस थानेदार ने कितने लोगों के खिलाफ कार्रवाई की, किसने ड्रंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीड और अन्य मामलों में जुर्माना वसूल किया इन सब की समीक्षा की जाएगी. समीक्षा में जिस थानेदार की रिपोर्ट संतुष्ट नहीं रहेगी उस थानेदार को शोकॉज किया जाएगा.

### ग्रामीण क्षेत्र में होगी दोपहिया वाहनों की जांच

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि कई बार ऐसा देखा गया है कि चोर बाइक चोरी करने के बाद उसे ग्रामीण क्षेत्र में बेच देते हैं. शहर में लगातार वाहन जांच चलती है जिससे चोरी के वाहन पकड़े जाते हैं पर ग्रामीण क्षेत्र में वाहन जांच अभियान न के बराबर चलते हैं. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के थानेदारों को भी निर्देश दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सप्ताह में दो से तीन बार वाहन जांच अभियान चलाए और वाहनों के काजगातों की जांच करें.

### एनएच पर होगी ओवर स्पीडिंग की जांच

शहर और आस-पास सड़क दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण स्पीडिंग है. इसे रोकने के लिए पुलिस स्पीड गन का प्रयोग करेगी. जिला पुलिस के पास फिलहाल दो स्पीड गन हैं जिसमें से एक शहर में इस्तेमाल किया जाएगा और दूसरा एनएच पर इसका इस्तेमाल कर ओवर स्पीड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. हर शनिवार होगी समीक्षा बैठक.

## न्यूज अपडेट

### बहरागोड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई. शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया. बैठक में डीसीएलआर एनएन सुरीन ने भाईचारे के साथ पर्व त्योहार को मानने की अपील की. बीडीओ केशव भारती, सीओ भोला शंकर महतो आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें. संचालन एसआई राहुल कुमार ने किया. इस मौके पर स्वपन कुमार माहतो, आदित्य प्रधान, दिलीप साव, बाप्तू साव, असित मिश्रा, मिंटू पाल, पानसोरी हांसदा, ललित मांडी, मदन मन्ना, राजकुमार कर, तरुण मिश्रा, अभिजीत जाना, मकसूद अंसारी, खलील खान, परवेज आलम, मो. इकबाल,अब्दुल कायम, जब्बर खान एवं कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे.

### योग शिक्षक सह उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान समारोह



**जमशेदपुर ।** परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर बिष्टुपुर में सोमवार को पतंजलि योग परिवार पूर्वी सिंहभूम द्वारा योग शिक्षक सह उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया. जिसमें 20 नव प्रशिक्षित योग शिक्षक और पूरे जिले से 80 उत्कृष्ट योग कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि किसान सेवा समिति झारखंड के राज्य प्रभारी करम कोइरी थे. समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग शिक्षक जिस तरह से निःशुल्क और निःस्वार्थ भावना से लोगों के बीच योग का शिक्षण प्रशिक्षण का कार्य करते हैं वह अनमोल है. घर-घर यज्ञ और घर-घर योग से ही स्वस्थ, समृद्ध और वैभवशाली भारत का निर्माण हो सकता है.

### पूर्व विधायक कुणाल ने किया विजन सेंटर का उद्घाटन



**बहरागोड़ा ।** प्रखंड क्षेत्र के पाटपुर में अवस्थित महिला कल्याण समिति परिसर में पूर्णिमा नेत्रालय एवं नाम्या स्माइल फाऊंडेशन द्वारा संचालित निशुल्क नेत्र जांच केंद्र (विजन सेंटर) का शुभारंभ सोमवार को हुआ. जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने फीता काटकर किया. इस जांच केंद्र में सप्ताह में हर सोमवार एवं शुक्रवार को मरीजों की निःशुल्क जांच की जाएगी. पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सक डॉक्टर नीरज पटेल एवं उनकी टीम ने पहले दिन 100 लोगों की नेत्र जांच की. जिसमें चिकित्सक ने 20 मरीजों में मोतियाबिंद पाया. सभी को निःशुल्क ऑपरेशन कर घर तक पहुंचाने की बात कही. इस मौके पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी, डॉ बिन्नी षाड़ंगी आदि उपस्थित थे.

### नागरिक समन्वय समिति ने प्रशासक को सौंपा ज्ञापन



**आदित्यपुर ।** नागरिक समन्वय समिति सरायकेला-खरसावां का एक शिष्टमंडल ने समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह एवं महासचिव अजीत कुमार के नेतृत्व में नगर आयुक्त सह प्रशासक रवि प्रकाश को वार्ड नं 17, 4 एवं 5 के भीषण जल संकट से अवगत कराया एवं निगम क्षेत्र की साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, रोड की मरम्मत आदि बरसात के पूर्व कराने का अनुरोध किया. नगर आयुक्त ने प्राथमिकता तय कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया. शिष्टमंडल में वरीय उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह, उमेश दूबे, के डी सिंह, जगदेव प्रसाद, निरंजन मिश्र, अशोक कुमार सिंह, महिला अध्यक्ष सुमन राय, शशिप्रभा सिंह, संजय कुमार, रतन कुमार सिंह, विवेका आदि मौजूद थे.

### जमीनदाताओं ने टीएसएलपी के गेट पर किया प्रदर्शन



**आदित्यपुर ।** गम्हरिया स्थित टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट (टीएसएलपी) कंपनी के विस्थापित जमीनदाताओं ने सोमवार सुबह स्थायी नौकरी समेत अन्य मांगों को लेकर कंपनी के गेट पर चक्का जाम कर दिया. इससे कंपनी में सभी बड़े भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया. कंपनी प्रबंधन से वार्ता के बाद दोपहर करीब बारह बजे से स्थिति सामान्य हुई. गम्हरिया के दुग्धा गांव के ग्रामीणों ने झुरकुली के पास स्थित गेट संख्या तीन, चार, पांच एवं छह को जाम करते हुए सभी भारी वाहनों के आवागमन को रोक दिया. उन्होंने बताया कि कंपनी प्रबंधन ने 32 विस्थापित कामगारों को नौकरी दी बाद में अस्थाई ठेका कर्मी बनाकर काम लिया और अब हटा दिया गया है.

### महिला अपने को कमजोर न समझे : गीता मुर्मू



**घाटशिला ।** कसीदा गांव निवासी उत्तम पाल की पुत्री रूपा पाल की महिला पॉलिटेक्निक गम्हरिया में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद टाटा पावर जोजोबेडा जमशेदपुर में नौकरी लग गई है. इस मौके पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की घाटशिला विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने उनके आवास जाकर बधाई देते हुए डायरी एवं पेन के साथ मुंह मीठा करा कर उसे सम्मानित किया. भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने कहा यह घाटशिला के लिए गौरव की बात है कि महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं. महिला अपने आप को कमजोर न समझे आगे बढ़े. महिलाएं शक्ति का रूप हैं. इस मौके पर मुख्य रूप से अमृता सहाय, पूजा पाल, देवनीला पाल, साहब दत्ता समेत उनके परिवार के लोग उपस्थित थे.

### पेयजलापूर्ति के लिए चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय



**आदित्यपुर ।** आवासीय कालोनी आदित्यपुर-2 के मार्ग संख्या 16-17 में रहने वाले स्थानीय लोगों की एक बैठक सोमवार को शीतला मन्दिर पार्क में हुई. बैठक में पेयजलापूर्ति की समस्या पर चर्चा की गई. साथ ही हर घर में पेयजलापूर्ति सुनिश्चित हो. इसके लिए चरणबद्ध आन्दोलन करने की बात कही गई. बैठक में उपस्थित कालोनी के लोगों ने क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या और पेयजलापूर्ति के लिए दिए गए नए कनेक्शन, पुरानी और जर्जर व्यवस्था से ससमय पेयजलापूर्ति नहीं होने पर नगर निगम के प्रति रोष प्रकट किया गया. बैठक में पूर्व पार्षद मालती देवी, शैलेश शुक्ला, रंजन मिश्रा, संतोष झा, लीली दास, मौसमी मित्रा, नारायण कुमार गिरी, अनिल चन्द्र प्रधान, विशाल कुमार, सुजीत सिंह, सुधीर सिंह, महेन्द्र मंडल आदि उपस्थित थे.

## छात्रावास में पेयजल समस्या नप को सौंपा मांगपत्र

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर शहर की पुरानी बस्ती जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के समीप आदिवासी कन्या महाविद्यालय छात्रावास है. छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के लिए एक सोलर जलमीनार व एक चापाकल है, लेकिन रख-रखाव के अभाव में एक माह से जलमीनार व चापाकल खराब हो गया है. जलमीनार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. इसके कारण छात्रावास में रहने वाली 41 छात्राओं को छात्रावास से बाहर स्थित चापाकल से पानी लाकर भोजन बनाने तथा पीने के लिए उपयोग करना पड़ रहा है. छात्राओं ने इसकी जानकारी पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई को दी. इसे लेकर सोमवार को समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई छात्राओं के साथ नगर परिषद कार्यालय पहुंचे. वहां नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात की और छात्रावास में पेयजल की समस्या की जानकारी दी. डॉ विजय ने उन्हें एक मांग पत्र सौंपा. छात्रावास में उत्पन्न पेयजल समस्या को देखते हुए आश्वासन देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार यादव ने कहा कि तत्काल पानी टंकी की व्यवस्था कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा. मौके पर राईमुनी हेम्ब्रम, शबनम मुंडारी, शकुंतला सरदार आदि उपस्थित थीं.



### चांडिल : विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

# कार्यकर्ता सर्वोपरि, वे ही जनता के बीच बनाते हैं नेता : संजय

**संवाददाता । चांडिल**



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व उपस्थित अन्य नेता.



समारोह में कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ.

भारतीय जनता पार्टी संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं. कार्यकर्ताओं के दम पर और उनके मेहनत के बल पर भाजपा ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है. ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा में कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना गौरव की बात है. कार्यकर्ताओं को सम्मानित करके स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं. उक्त बातें स्थानीय सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहीं. वे सोमवार को चांडिल स्टेशन परिसर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही मुख्य रूप से पार्टी की पूंजी हैं. कार्यकर्ता ही जनता के बीच नेता बनाते हैं और हर स्तर के सांगठनिक कार्यक्रमों के जरिए संगठन को जनता के बीच मजबूत भी बनाते हैं. उन्होंने मोदी सरकार को तीसरी बार सत्ता में आने का सारा श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं को दिया. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने भाजपा के पक्ष में अधिक मतदान हुए बूथों के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र व छतरी देकर सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया.

**सोरेन परिवार सत्ता का भूखा :** कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के साथ बात करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि सोरेन परिवार सत्ता का भूखा है. चंपई सोरेन को हटाकर हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन जमीन से उठा हुआ एक बेहतरीन राजनेता हैं. उनको मुख्यमंत्री पद से हटकर हेमंत सोरेन ने साबित कर दिया कि सोरेन परिवार सत्ता का भूखा है. झारखंड की हेमंत सरकार सभी मामलों में सफल है. सरकार चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को भी पूरा नहीं कर पाई है. इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और चारों ओर भ्रष्टाचारियों का ही बोलबाला है. उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा की सरकार बन रही है और ईचागढ़ से भी भाजपा भारी मतों से विजय प्राप्त करेगी. मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह, जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई, राकेश सिंह, भाजपा नेता देवाशीष राय, सारथी महतो, अनीता पारित, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, भूषण, सुमित आदि मौजूद थे.

## बैठक में मुहर्रम सौहार्द के साथ मनाने का लिया निर्णय

**चक्रधरपुर ।** गोइलकेरा थाना परिसर में सोमवार की शाम मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार एवं थाना प्रभारी कमलेश राय ने विधि-व्यवस्था एवं त्योहार के संदर्भ में सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया. इस दौरान मुहर्रम को सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया. सदस्यों ने बताया कि गोइलकेरा में मुहर्रम के मौके पर जुलूस आदि निकालने की परंपरा नहीं है. शहादत के प्रतीक इस त्योहार को लोग घरों में इबादत के बीच मनाते हैं. मुहर्रम 17 जुलाई को है. बैठक में मुखिया सुनीता मेराल, पंसस बानी सिन्हा, 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान, अनिल प्रधान, सत्यनारायण घोष, मो. इसराफील, पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण मेलगांडी, अनंत प्रसाद गुप्ता, रंजीत साव, राकेश चौरसिया,नियाज खान, सुमित सेन समेत अन्य मौजूद थे.

### 5वें दिन भी स्लो डाउन आंदोलन जारी, जेनरल ऑफिस के सामने की नारेबाजी

# ईडी की शव यात्रा निकाल फूंका पुतला



जेनरल ऑफिस के सामने कार्यपालक निदेशक जयदीप दासगुप्ता का पुतला लेकर पहुंचे मजदूर.



कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन करते खदान के मजदूर व यूनियन के नेता.

- बुधवार को जयदीप दासगुप्ता का किया जाएगा श्राद्धकर्म
- गुरुवार से गुवा खदान में करेंगे चक्का जाम

**संवाददाता । किरीबुरू**



गुवा खदान के जेनरल ऑफिस गेट के सामने नारेबाजी करते मजदूर और सभी यूनियनों के नेता.

सेल की गुवा खदान में सेलकर्मियों व ठेका मजदूरों का अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में 8 जुलाई को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा. सोमवार को मजदूरों एवं स्थानीय लोगों ने सेल, बीएसएल प्रबंधन एवं कार्यपालक निदेशक (ईडी) जयदीप दास गुप्ता की शव यात्रा निकाल पुतला दहन किया. मजदूरों ने सेल व गुआ प्रबंधन के विरोध में नारे लगाये. आक्रोशित लोगों ने जयदीप दासगुप्ता का पुतला लेकर ढोल-नगाड़ा के साथ पैदल रैली राम मंदिर प्रांगण से निकालकर गुवा खदान के जेनरल ऑफिस पहुंचे. वहां नारेबाजी करते हुये पुतला दहन किया.

पुतला दहन के बाद मजदूर नेता राजेश कोड़ा ने घोषणा की कि गुरुवार से अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर खदान से लौह अयस्क का एक टुकड़ा भी बाहर जाने नहीं दिया जायेगा. बुधवार को जयदीप दासगुप्ता का श्राद्धकर्म किया जायेगा. राजेश कोड़ा ने कहा कि जयदीप दास गुप्ता बोकारो से आकर मेघाहातुबुरु स्थित मेघालया गेस्ट हाउस में मस्ती कर रहे हैं. गुवा का आंदोलन कैसा होता है उन्हें पता चल जायेगा.

यह आंदोलन चार सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है. मजदूरों की मांग है कि बीते दिनों बाहर से नियुक्त कर गुवा भेजे गये एस-3 ग्रेड के 18 सेलकर्मियों को तत्काल वापस भेजें, ठेका मजदूरों को समान कार्य का समान वेतन व सुविधाएं, सेवानिवृत्त सेलकर्मियों के आश्रितों को खदान में नौकरी एवं गुवा खदान में 500 पदों पर खदान से प्रभावित सारंडा के गांवों व गुवा के बेरोजगारों को शत फीसदी नौकरी दी जाए. इस आंदोलन में शामिल मजदूर नेता रामा पांडेय ने बताया कि आंदोलन की वजह से गुवा खदान में उत्पादन बडे. पैमाने पर प्रभावित हुआ है. अब तक प्रबंधन को लगभग दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है.

## महिला कॉलेज में छात्राओं ने सफाई कर लगाए पौधे

- छात्राओं को जन्मदिन पर कॉलेज में दिया जाता है पौधा

**संवाददाता । चाईबासा**

वन महोत्सव के अवसर पर महिला कॉलेज चाईबासा में बीएड एनएसएस यूनिट की ओर से पौधरोपण किया गया. सोमवार को समापन समारोह का भी आयोजन किया गया. महिला कॉलेज चाईबासा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से वर्ष भर छात्राओं को उनके जन्मदिवस पर एक पौधा उपहार में दिया जाता है, उसी क्रम में आज छात्राओं को पौधे दिए गए और कैंपस में पौधरोपण भी किया गया. सर्वप्रथम उन्होंने कैंपस में उगे खरपतवार को साफ किया, फिर पौधे लगाए. प्राचार्य डॉ प्रीति बाला सिन्हा ने कहा कि वन महोत्सव हरित और टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक क्रांतिकारी आंदोलन है.

डॉ सुचिता बाड़ा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग विकट समस्या है. इसके लिए निरंतर कार्य किया जाना चाहिए. पौधरोपण अतिआवश्यक है. प्रो डोरिस मिंज ने सबको वन महोत्सव मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया और इसके महत्व को बताया. डॉ राजीव लोचन नामता ने प्राध्यापकों को छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया. प्रो सितेंद्र रंजन सिंह ने कहा कि सभी लोग सभी कार्य को पेड़ पौधों से जोड़ें. जन्मदिन के अवसर पर या किसी विशेष अवसर पर सभी लोगों को पौधे ही उपहार में दें. घर में भी पेड़ पौधे अवश्य लगाएं. धनंजय कुमार और मदन मोहन मिश्रा ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये.

कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम ऑफिसर ने सबसे अपील की कि लगाए गए पौधे की अवश्य देखभाल करें. इस दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया. छात्राओं ने भी अपने अनुभव को साझा करते हुए हर्ष व्यक्त किया. इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ सुचिता बाड़ा , प्रो डोरिस मिंज, मो. मोबारक करीम हाशमी, डॉ राजीव लोचन नमता, प्रो प्रीति देवगम, प्रो सितेंद्र रंजन सिंह, प्रो मदन मोहन मिश्रा और प्रो धनंजय कुमार और बी एड सेमेस्टर वन की छात्राएं उपस्थित थीं.



महिला कॉलेज परिसर में पौधे लगाने से पहले साफ-सफाई करतीं छात्राएं.

## ब्रीफ खबरें

### एआईजीसी व मेंस यूनियन में गठबंधन करने पर विवाद

**चक्रधरपुर ।** अर्बन बैंक के डेलिगेट चुनाव को लेकर ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल (एआईजीसी) और साउथ ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने सोमवार को प्रेस वार्ता की. दोनों संगठन के नेताओं ने बताया कि इस बार मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा. दोनों संगठन में गठबंधन हो गया है. हालांकि शाम ढलते-ढलते एआईजीसी के केंद्रीय सहायक महासचिव आरवीपी सिंह, जोनल सचिव डी मित्रा ने गठबंधन करने से इनकार कर दिया.

### शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित करें सभी विभाग : विधायक

**किरीबुरू ।** जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू ने सभी विभाग से शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल (सभी चाईबासा) को पत्र लिखकर जगन्नाथपुर विधानसभा अन्तर्गत तमाम स्वीकृत योजना का शिलान्यास करने को कहा है.

### वज्रपात से बीओआई का राउटर, यूपीएस जला

**किरीबुरू ।** सात जुलाई की रात आकाशीय बिजली गिरने की वजह से बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) की मेघाहातुबुरु शाखा का महत्वपूर्ण उपकरण राउटर और यूपीएस जल गया. इस तकनीकी खराबी के कारण बैंक का कामकाज 8 जुलाई की सुबह से ही प्रभावित है. इससे ग्राहकों व बैंक कर्मियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. उल्लेखनीय है कि बीते दिनों ही अज्ञात चोरों ने बैंक में तांबे का तार और प्लेट का लगा अर्थिंग वायर की चोरी कर ली थी. अगर यह अर्थिंग रहता तो शायद जलने से बच जाते.

## भगवान जगन्नाथ का रथ 8 जुलाई को पहुंचा मौसीबाड़ी



**संवाददाता । किरीबुरू**

हिल्टॉप, किरीबुरु स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा को लेकर सात जुलाई की शाम निकला रथ 8 जुलाई की सुबह लगभग 11.30 बजे मौसी बाड़ी पहुंचा. जगन्नाथ मंदिर से मौसी बाड़ी की दूरी लगभग 200 मीटर है. आयोजन कमिटी ने बताया कि वर्षा की वजह से सात जुलाई को देर शाम रथ खींचने का कार्य प्रारम्भ हुआ था. उसके बाद सूर्यास्त होने की वजह से रथ को हिल्टॉप में ही बीच रास्ते में रोक दिया गया. दूसरी तरफ पुरी में भी इसी तरह से कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके आधार पर यहां भी आयोजित हो रहा है.

सोमवार को पुनः सुबह लगभग 10.30 बजे राजा सह सीजीएम कमलेश राय एवं महिला समिति की अध्यक्ष सह रानी सुनीता राय के नेतृत्व में पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ रथ खींचकर उन्हें मौसीबाड़ी पहुंचाया गया. 15 जुलाई तक प्रतिदिन मौसीबाड़ी में प्रसाद के रुप में सामूहिक भोग का आयोजन किया जायेगा.

## मंत्री से सेल में सुपरवाइजरी कैडर बनाने की बीएकेएस ने की मांग

- 10 प्रतिशत कर्मी ही जेई पदनाम धारित कर पाएंगे

**संवाददाता । किरीबुरू**



बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी को पत्र लिखकर सेल में सुपरवाइजरी कैडर का सृजन करने की मांग की है. यूनियन ने अपने पत्र में लिखा है कि सेल महारत्न स्टेटस के अनुसार सेल गैर कार्यपालक कर्मियों का पदनाम , कलस्टर की संख्या बढ़ाना, पदोन्नति नीति, स्टैगेनेशन इंक्रीमेंट , यूनियनाइज्ड सुपरवाइजर पद सृजित कर सेल को वास्तविक तौर पर ग्रेट प्लेस ऑफ द वर्क बनाने का प्रयास करें. विगत कुछ दिन पहले सेल प्रबंधन और गैर निर्वाचित एनजेसीएस नेताओं का समूह द्वारा, समझौता के तहत, एक विवादास्पद पदनाम लागू किया गया है. वह पदनाम ऐसा है कि डिप्लोमा शैक्षणिक योग्यता पर नियुक्त 8 से 10 प्रतिशत कर्मचारी ही नौकरी का अंतिम काल में जूनियर इंजीनियर (जेई) पदनाम धारित कर पायेंगे तथा शुरू में इंजीनियिरिंग एसोसिएट जैसे बेतुका पदनाम धारण करेंगे.

पत्र में कर्मचारी संघ ने कहा है कि कई ग्रेड को एक ही कलस्टर में शामिल करने से कर्मियो में कार्यक्षेत्र का बंटवारा नहीं किया जा रहा है. उसके लिए यूनियन ने कलस्टर की संख्या बढ़ाने की मांग किया है. साथ ही प्रत्येक कलस्टर का स्पष्ट कार्यक्षेत्र भी बनाने की मांग की है. बोकारो इस्पात संयंत्र मे अभी 4 कलस्टर समूहो में कर्मियों को बाटा गया है. जिसको बढ़ाकर कलस्टर एबीसीडीई कलस्टर तक कर्मियो का ग्रेड को वर्गीकृत करने की मांग यूनियन ने की है. वहीं S-11 ग्रेड मे वर्षो से अटके वरिष्ठ कर्मियों को पदोन्नति लाभ देने के लिए चार वर्ष मे एक स्टेगेनेशन इंक्रिमेंट का भुगतान करने की भी मांग यूनियन ने अपने पत्र में की है. यूनियन द्वारा पत्र की प्रतिलिपि इस्पात राज्य मंत्री तथा मुख्य श्रम आयुक्त को भी भेजी गई है. इस बाबत बीएकेएस यूनियन के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि स्व. डीपी अतुल श्रीवास्तव के समय बनाए गए पदनाम को बैक डोर से लागू किया जा रहा है.

## न्यूज अपडेट

### सेल ने शुरू किया गुवा शहीद स्मारक का सौन्दर्यीकरण



**किरीबुरू ।** गुवा बाजार स्थित शहीद स्थल का सौन्दर्यीकरण का कार्य सेल की गुवा प्रबंधन द्वारा युद्ध स्तर पर प्रारंभ किया गया है. शहीद स्थल पर बरसात के मौसम में जल जमाव हो जाता था. इससे गुवा गोलीकांड से जुड़े शहीद दिवस के दिन शहीदों को श्रद्धांजलि देने आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. इसी परेशानी को देखते हुए शहीद स्थल एवं स्मारक को ऊंचा करने का कार्य प्रारंभ किया गया है. इससे यहां होने वाले जलजमाव से मुक्ति मिल जाएगी. झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता वृंदावन गोप ने इसके लिये गुवा प्रबंधन के प्रति आभार जताया है.

### पेयजल सुविधा नहीं देना शर्मसार करने वाली घटना : मंगल



**किरीबुरू ।** सेल की मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने 5-6 दिनों से अपने आवासीय कॉलोनी न्यू कैम्प में रहने वाले लोगों की जलापूर्ति ठप कर दी है. यह मानवता एवं संवैधानिक व्यवस्था को झकझोने और शर्मसार करने वाली घटना है. उक्त आरोप पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने मेघाहातुबुरु प्रबंधन पर लगाया है. पानी नहीं मिलने की वजह से न्यू कैम्प में रहने वाले दर्जनों परिवारों के सामने पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है. उन्होंने कहा कि प्रबंधन न्यू कैम्प के लोगों को वहां से हटाने की साजिश के तहत पानी की आपूर्ति बंद की है. अगर न्यू कैम्प स्थित सेल के आवासों में लोगों का अवैध कब्जा है, जिसे प्रबंधन हटाना चाहती है तो इसके अन्य संवैधानिक रास्ते हैं. लेकिन किसी को पानी से वंचित करना गलत है.


### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प. सिंहभूम को मिले 37 पदक



**चक्रधरपुर ।** 24वें सब जूनियर एवं जूनियर क्योरूगी एवं 13वें सब जूनियर एवं जूनियर पुम्से ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पश्चिमी सिंहभूम ने कुल 37 पदक झटके हैं.रांची में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी. प्रतियोगिता में 28 बालक वर्ग एवं 36 बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग में पदक जीते. रांची से पदक जीतकर चक्रधरपुर लौटने पर सोमवार को सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया. टीम के मुख्य कोच सह जिला ताइक्वांडो सचिव अनुराग शर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा. सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं.

## कचरों के निस्तारण के लिए लगाई गई प्रोसेसिंग मशीन

**संवाददाता । चक्रधरपुर**



चक्रधरपुर के कुदलीबाड़ी में कचरा डंप किये जाने वाले स्थान पर सोमवार को कचरों के निस्तारण के लिए प्रोसेसिंग मशीन लगाई गई. इसका सोमवार को नारियल फोड़कर व पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया. मौके पर गिरिराज सेना के प्रमुख उमाशंकर गिरि ने कहा कि नगर परिषद द्वारा कुदलीबाड़ी स्थित श्मशान घाट परिसर में पूरे शहर का कचरा फेंके जाने के कारण हर कोई परेशान था.

खासकर श्मशान घाट में शवों का अंतिम संस्कार करने आने वाले लोग कचरों से उठते बदबू के कारण परेशान रहते थे. उन्होंने गिरिराज सेना के माध्यम से तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी को अवगत कराया था. इसके बाद तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी ने तीन महीने में दूसरे स्थान पर कचरा फेंकने का आश्वासन दिया था. लेकिन कमलदेव गिरि की हत्या के बाद से पुनः कचरा फेंका जाने लगा. इसे देखते हुये गिरिराज सेना के सदस्यों ने कचरा डंप करने पर रोक लगाई. साथ ही कचरों को वहां से हटवाया. गिरिराज सेना के प्रयास से ही कचरा प्रोसेसिंग मशीन लगाई गई है.

**सेमिनार** 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का किया गया मार्गदर्शन

## केजीबीवी सदर चाईबासा में करियर काउंसलिंग

- उचित गाइड से सही विकल्प चुनने में होती है आसानी
- काउंसलिंग से फैसले लेने में मिलता है सहयोग

**संवाददाता । चाईबासा**



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में करिअर काउंसलिंग में मौजूद छात्राएं.

जिला नियोजनालय के तत्वावधान से सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) सदर चाईबासा में करियर काउंसलिंग सह सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार के संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक कुमार टोपनो ने बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में उनके करियर को लेकर कई तरह के सवाल होते हैं. अतः उचित समय पर गाइड करने से उन्हें सही विकल्प चुनने में बहुत आसानी होती है. उन्होंने बताया कि करियर काउंसलिंग सेशन आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि छात्रों को अपने करियर के बारे में सही जानकारी मिले.

साथ ही उन्हें अपने करियर को स्पष्ट करने में सहयोग और प्रेरणा मिल सके. इसी क्रम में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं अन्य प्लस टू विद्यालयों में भी उक्त सेमिनार का आयोजन किया जाना है.

करियर काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को सिर्फ आगे की पढ़ाई में विषय चुनने और उत्तीर्ण होने के बाद आजीविका से संबंधित फैसला करने में ही सिर्फ मदद नहीं मिलती है, बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो भविष्य में आपको आपके करियर, शिक्षा और जीवन के फैसले लेने में भी आपका मार्गदर्शन करती है. सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग सेशन के माध्यम से एक विद्यार्थी को अपनी ताकत और कमजोरी को समझने में मदद मिलती है. इसका उपयोग कर हम अपनी वास्तविक क्षमता का मूल्यांकन कर सकते हैं एवं अपनी योग्यता के अनुरूप सही दिशा में अग्रसर हो सकते हैं. कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रशिक्षक सह काउंसलर तबरेज आलम द्वारा विभिन्न एक्टिविटी व अन्य माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा व करियर का महत्व, भविष्य में करियर चयन, साक्षात्कार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर, अपनी ताकत एवं कमजोरी की पहचान करने का तरीका बताया गया.

### सीओ व चिकित्सा प्रभारी की शुरुआती जांच में केंदुआ मोड़ स्थित मां अंबे सेवा सदन का संचालन संदेह के घेरे में पाया गया

# उपायुक्त के निर्देश के बाद अल्ट्रासाउंड केंद्रों में औचक छापामारी

**संवाददाता। चौपारण**

उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश के बाद प्रखंड में संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की छानबीन को लेकर सीओ संजय यादव व चिकित्सा प्रभारी भुनेश्वर गोप ने प्रखंड की दो निजी क्लीनिकों में छापेमारी की. इस संबंध में सीओ संजय यादव व चिकित्सा प्रभारी भुनेश्वर गोप ने बताया कि सोमवार को एसएमएम मेमोरियल हॉस्पिटल चौपारण और मां अम्बे सेवा सदन केंदुआ मोड़ में अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन को लेकर जांच की गई.

इस दौरान एसएमएम मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक ने बताया कि सोमवार को चिकित्सक नहीं आते हैं इसलिए हॉस्पिटल आज बंद है. वहीं अल्ट्रासाउंड का रजिस्ट्रेशन पाया गया. भ्रूण जांच का कोई प्रमाण नहीं मिला. वहीं केंदुआ मोड़ स्तिथ मां अंबे सेवा सदन जब हमलोग पहुंचे तो वहां अंदर से क्लीनिक का दरवाजा बंद कर दिया गया. वहीं बाहर के कुछ लोग भाग गए. जब जबरन दरवाजा खोलवाया गया तो एक एएनएम निकली. उससे पूछताछ करने पर संचालक का नाम भीम कुमार बताया गया. वहीं क्लीनिक संचालन से संबंधित कागजात की मांग की गई तो वह किसी भी तरह का पेपर नहीं दिखा पाई. क्लीनिक में एक मरीज भी भर्ती पाया गया, जिसका बंद कमरे में इलाज चल रहा था. उसके द्वारा ऑनर का फोन नंबर भी नहीं दिया गया. एक कमरा बंद पाया गया. पूछने पर एएनएम ने बताया कि यह ओटीटी रूम है, लेकिन चाभी मांगने पर नहीं दिया गया, जिसमें अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन होने की सूचना मिली है.


सीओ सजंय यादव व चिकित्सा प्रभारी भुनेश्वर गोप ने प्रखंड की दो निजी क्लीनिकों में छापेमारी की.

फिलहाल एएनएम को संचालक को सूचना देकर सारा लीगल डॉक्यूमेंट दिखाने को कहा गया. यदि संचालक डॉक्यूमेंट दिखाने में असमर्थ रहता है तो क्लीनिक को सील किया जाएगा. उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में मां अम्बे सेवा सदन का वैध संचालन संदेह के घेरे में प्रतीत होता है. वहीं उन्होंने कहा कि बहुत जल्द और भी कई क्लीनिकों में औचक छापेमारी की जाएगी. बता दें कि चौपारण के सरकारी अस्पताल के इर्द-गिर्द से लेकर पांडेयबारा तक कई क्लीनिक अवैध तरीके से संचालित हैं, जहां भ्रूण जांच की शिकायत अक्सर प्रकाश में आती रहती है.

# जैन मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश


जैन मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज का स्वागत करते लोग.

**संवाददाता। हज़ारीबाग**

जैन मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज एवं मुनिराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हज़ारीबाग की पावन धरती पर किया गया. नगर भ्रमण के दौरान जैन मुनि का स्वागत व अभिनंदन गुरु गोविंद सिंह रोड, अन्नदा चौक स्थित प्रभु निवास मार्केट के समीप भाजपा नेता अभिमन्यु प्रसाद अपने परिवार के साथ किया. अभिमन्यु की माता गीता प्रसाद सहित पूरा परिवार जैन मुनि की आरती उतार कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया. वहीं अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हमलोगों ने जैन मुनि के स्वागत के लिए सभी वर्ग के लोग पहुंचते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### पत्नी की हत्या का आरोपी भेजा जेल

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी बालों गोप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि गुड़वा गांव में छह जुलाई की रात आरोपी ने शराब के नशे में अपनी पत्नी मुन्नी देवी पिटाई की, जिससे आहत होकर सुबह पत्नी ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी. मृतका के भाई चतरा जिला दुवारी निवासी मेघन गोप ने थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था. इसके बाद पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

### कारीमाटी को मिला ट्रांसफार्मर, लोग खुश

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम गडरबारा के आदिवासी टोला कारीमाटी को डेढ़ महीने बाद नया ट्रांसफार्मर मिल गया. इसके लिए पूर्व पंसस व सामाजिक कार्यकर्ता तथा पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल को काफी मशक्कत करनी पड़ी. बीते 20 मई को विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया था. इसके बाद ग्रामीणों ने पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता चुनूलाल सोरेन से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया. उन्होंने इस बावत विभाग के कनीय अभियंता से फोन पर बात की. सोरेन ने कहा कि उन्हें आश्वासन जरूर मिला, मगर बाद में फिर कनीय अभियंता ने उनका कॉल तक नहीं उठाया. तत्पश्चात उन्होंने पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल को इसकी जानकारी दी. दोनों के अथक प्रयास से 2 जुलाई को ट्रांसफार्मर मिल गया. 8 जुलाई को इसका उद्घाटन नायके रघु मांझी तथा पूर्व पंसस चुनुलाल सोरेन ने संयुक्त रूप से किया.

### बिराखाप स्थित स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

# शहीद तापस सोरेन का 16वां शहादत दिवस मनाया गया

**संवाददाता। चरही (हजारीबाग )**

प्रखंड की चरही पंचायत अंतर्गत बिराखाप गांव में सोमवार को शहीद तापस सोरेन का 16वां शहादत दिवस मनाया गया. शहीद तापस सोरेन के बिराखाप स्थित स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया. मौके पर लोगों ने शहीद तापस सोरेन अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा तापस सोरेन का नाम रहेगा जैसे नारा लगाए. इसके पश्चात महिला -पुरुष रैली के माध्यम से कासियाडडीह होते हुए चरही बस्ती, चरही लाल बंगला, चरही कॉलोनी होते हुए चरही बाजार टांड स्थित शहीद तापस सोरेन के स्मारक स्थल पर पहुंचे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के युवा समाजसेवी आनंद सोरेन व विशिष्ट अतिथि चरही मुखिया संझली मुर्मू, झारखंड आदिवासी दलित महालाल हांसदा, चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन थे. मौके पर मांडू विधानसभा के युवा समाजसेवी आनंद सोरेन ने कहा कि शहीद तापस सोरेन समाज के लिए मार्गदर्शक थे. चरही मुखिया संझली मुर्मू ने कहा कि हमें भी शहीद तापस सोरेन के जैसे अन्याय खिलाफ लड़ने की जरूरत है. महालाल हंसदा ने कहा कि सच्चाई का मार्ग पर चलकर अपने हक व अधिकार को नही छोड़ना चाहिए. महादेव सोरेन ने कहा कि तापस सोरेन द्वारा जीवन में उनके द्वारा किये गए अच्छे कार्य को अनुपालन करने की जरूरत है.


शहीद तापस सोरेन के शहादस दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया.

### कसियाडीह ने जीता शहीद तापस सोरेन स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट

शहीद तापस सोरेन के शहादत दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. शहीद तापस सोरेन का शहादत दिवस के मौके पर चरही बाजार टांड स्थित शहीद तापस सोरेन के स्मारक पत्थर पर पहुंच कर श्रद्धा अर्पित किया गया. इसके बाद सिधु कान्हू फुटबॉल मैदान कासीयाडीह में शहीद तापस सोरेन स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट में फाइनल मैच कासियाडीह बनाम हज़ारीबाग़ टीम के बीच खेला गया, जिसमें कसियाडीह ने हज़ारीबाग़ टीम को 2– 0 से पराजित किया. मौके पर विजेता टीम को बड़ा शील्ड व जर्सी देकर व उपविजेता टीम हज़ारीबाग़ को जर्सी व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया. वहीं टूर्नामेंट में भाग लेने वाली छह टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर चरही पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा, मनोज हांसदा, फिलन होरो, दिनेश्वर रविदास, दिनेश भुइंया, मुकेश भुइंया, वार्ड सदस्य प्रकाश टुडु, सितमुनि मुंर्मु, ताहाराम हेम्ब्रोम, तालो हेम्ब्रोम, आनंद सोरेन, रामदेव सोरेन, दिलीप सोरेन, हेमलाल सोरेन, राजू सोरेन, कैला मांझी, चारो सोरेन, तालो सोरेन, राजेंद्र सोरेन, सतेंद्र सोरेन, फ्रांसिस सोरेन, लालू सोरेन, देवरंजन हेम्ब्रोम, बिनोद सोरेन, आनंद सोरेन, प्रदीप बेसरा, शांति हंसदा, वार्ड सदस्य सीतामुनी मुर्मू, परसा महतो, सुशांत हेम्ब्रोम, राकेश हेम्ब्रोम, देवनारायण हंसदा, पार्वती मरांडी, सीताराम प्रजापति, शिवराम सोरेन, दीपक प्रजापति, बीरेंद्र सोरेन, मार्सेल बेसरा, आशीष हंसदा, अतीत हंसदा, आनंद हेम्ब्रोम, लाजरुष सोरेन, राकेश सोरेन, दिलीप टुडु, बिशून मुंर्मु ब्रजेश सोरेन, एरिक आलोक किस्कु, अनूप तिग्गा, द्रविड़, अमर सोरेन, अमन, अरमान, मनोहर सोरेन, कांतीलाल हंसदा, संजय सोरेन, समीर हंसदा, प्रदीप बेसरा, रितेश हंसदा, चंचल हंसदा, शिव नारायण हंसदा, राजेश टुडु, संजय टुडु, तुलेश्वर, रोहित प्रजापति, सुनील सोरेन, शंकर किस्कु सहित अन्य शामिल थे.

### पोशाक वितरण में गड़बड़ी का विरोध करने पर किया गया था निलंबित

# निलंबन मुक्त हुई प्रभारी प्रधानाध्यापिका

**संवाददाता। हजारीबाग**

जांच के बाद उपायुक्त ने उन सभी शिक्षको को निलंबन मुक्त कर दिया है, जिनके विद्यालय से पोशाक में बरती गई अनियमितता को लेकर शुभम संदेश में खबरें प्रकाशित हुई थीं. पोशाक वितरण में गड़बड़ी का विरोध करने पर आधा दर्जन प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित अन्य को निलंबित किया गया था. इनमें एक प्रभारी प्रधानाध्यापिका कटकमसांडी लुपूंग स्थित मध्य विद्यालय कन्या के अजमेरी खातून भी थी.

सहायक अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष चंदन मेहता भी इसी विद्यालय के शिक्षक है और चंदन मेहता को जिला शिक्षा अधीक्षक की अदावत के बाद बलि का बकरा प्रभारी प्रधानाध्यापक को बनना पड़ा था. सोमवार को निलंबन मुक्त होने के बाद जैसे ही अजमेरी अपने विद्यालय पहुंची, उनका गांजे बाजे के साथ स्वागत किया गया. विद्यालय के शिक्षकों के साथ ग्राम सभा अध्यक्ष, मुखिया, बड़ी संख्या में अभिभावकों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया. विद्यालय में योगदान देने पर सम्मानित करने के दौरान अभिभावकों ने बताया कि सच की जीत होती है और उपायुक्त ने इस बात को समझा. सम्मानित करने वालों में अभिभावकों के अलावा मुखिया, भारतीय नव युवक संघ, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रदीप मिश्रा, रीना तिर्की, किशोर भारती, पुष्पा कुमारी, रीतलाल मेहता, चंपा मेहता, विनय कुमार, ऋषि रंजन, इंद्रजीत कुमार दास, आलोक रंजन मेहता सहित विद्यालय के शिक्षक व अन्य शामिल रहे.


प्रभारी प्रधानाध्यापिका अजमेरी खातून का स्वागत करते शिक्षक व अन्य.

# हर राज्य में हिमंता विश्व शर्मा जैसा सीएम होना चाहिए: राणा

**संवाददाता। हजारीबाग**

नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा से मुलाकात की. इस संबंध में किशोरी राणा ने बताया कि अगर देश में मुख्यमंत्री कोई है तो वह है हिमंता विश्व शर्मा हैं. वह अपने राज्य में अपने दायित्व को निभा रहे हैं.

उन्होंने प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि हर राज्य में ऐसा मुख्यमंत्री होना चाहिए जो आपदा के समय प्रभावित क्षेत्रों में दिन रात राहत और बचाओ कार्यों में लगे हैं. अधिकारियों के साथ स्वयं उपस्थित रहकर सेवा करते हैं. उन्होंने बताया कि नव झारखंड फाउंडेशन क़ी तीन सदस्यों क़ी टीम गुवाहाटी गई थी, ताकि वहां के चाय बगानों में कार्यरत झारखंडियों क़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा क़ी जा सके. टीम ने पाया कि लगातार छह दिन से मुख्यमंत्री अपने कार्यालय और मुख्यालय से दूर विभिन्न जिलों में बाढ़ पीड़ितों के बीच सेवा कार्य कर रहे हैं और सामान्य प्रशासनिक कार्यों को फोन पर निर्देश देकर संपादित कर रहे हैं.


किशोरी राणा

बताते चले कि पूर्वोत्तर राज्य असम पूरी तरह से बाढ़ में डूब गया है, जिससे बचने के लिए लोग अपने घरों से निकलने के लिए मजबूर हो गए हैं. इस बाढ़ में 29 जिलों में 25 लाख से अधिक आबादी प्रभावित हुई है.

### मंत्री बनने पर इरफान अंसारी को दी बधाई

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह जिला 15 सूत्री कार्यक्रम क्रिय न्व य न समिति के सदस्य निसार खान ने जामताड़ा के विध ाय क इरफान अंसारी को नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मंत्री इरफान अंसारी को हार्दिक बधाई दी है. खान ने अपने बधाई संदेश में आशा व्यक्त की है कि आम जनता की समस्याओं को नवनियुक्त मंत्री इरफान अंसारी अपने संज्ञान में लेते हुए शीघ्र ही समाधान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे.


इरफान अंसारी

# बाइक सवार दंपती से 2.23 लाख भरा बैग छीनकर भागे

- आईडीबीआई बैंक से पैसा निकालने के बाद शिवपुरी जा रहा था भक्तभोगी दंपती

**संवाददाता। हजारीबाग**

शहर में अपराधी अब पुलिस थाने के समीप भी छिनतई करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं. सोमवार दोपहर करीब 12 बजे लोहसिंघना थाने के सामने शिवपुरी रोड में 2.23 लाख रुपये की छिनतई का मामला सामले आया है. थाने से महज 50 मीटर दूर लोहसिंघना इमामबाड़ा के पास घात लगाए अपराधियों ने अपने रिश्तेदार को देने जा रहे को पैसे दपंती से छीनकर फरार हो गए.

भुक्तभोगी दंपती शादी के सिलसिले में इंद्रपूरी चौक स्थित आईडीबीआई बैंक से पैसा निकालने के बाद अनंदा चौक गए थे. वहां बैंक का स्टेटमेंट लेने के बाद डेली मार्केट गए और फिर ओकनी तालाब होकर शिवपुरी पैसे देने जा रहे थे, इसी बीच यह घटना हो गई. भुक्तभोगी कटकमसांडी के लुपूंग निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि इमामबाड़ा के समीप मोटरसाइकिल लेकर खड़े अपराधियों ने उनकी पत्नी के पैर से मोटरसाइकिल सटाया और हाथ से झपट्टा मारकर रुपये से भरा बैग ले भागा. घटना के बाद वह दौड़ा और पीछा करने का भी प्रयास किया, परंतु छिनतई करने वाले कल्लू चौक की ओर से तेजी से भाग निकले. इस दौरान साथ मोटरसाइकिल पर बैठी महिला भी गिर कर घायल हो गई. इस बाबत लोहसिंघना थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है. पुलिस मामले की जांच करने का प्रयास किया और थाने के बाहर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिल सकी.

### भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**केरेडारी।** प्रखंड के कराली पंचायत अंतर्गत जोको गांव में सोमवार को श्री श्री 1008 पांच दिवसीय यज्ञ सह हनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया. कलश यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, जिला परिषद अनिता सिंह, बड़कागांव विस सभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी भाजपा नेता बालेश्वर कुमार शामिल हुए. यज्ञ समिति के सचिव मुकेश वर्मा ने बताया कि 9 जुलाई से तीन दिन तक अंजनी गोस्वामी, नंदनी गोस्वामी के द्वारा प्रवचन कथा के साथ साथ भव्य झांकी का आयोजन किया जाएगा. मौके पर समिति के अध्यक्ष महादेव साव, सचिव मुकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय तिवारी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, कंचन यादव आदि सैकड़ो महिलाएं व पुरुष शामिल हुए.

# हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा करेगा हल्ला बोल


भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में शामिल महिलाएं.

**संवाददाता। हजारीबाग**

झंडा चौक, विशेश्वर दयाल पथ स्थित जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिला महिला मोर्चा की बैठक सोमवार को जिला अध्यक्ष रेणुका साहू की अध्यक्षता में हुई. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शकुंतला जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित हुए. बैठक में हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं, महिलाओं के उत्पीड़न, अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध सड़क पर उतरकर हल्ला बोल आक्रोषपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया. यह कार्यक्रम 14-जुलाई तक कर किया जाना है. इसमें लगभग 500 सदस्य शामिल होंगी. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष बिजुल देवी, वरिष्ठ नेत्री रतन सिंहा, महामंत्री सत्यभामा, जिला उपाध्यक्ष लीलावती देवी, किरण यादव, ज्योत्सना देवी आदि मौजूद थे.

### उपायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न परियोजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**संवाददाता। रामगढ़**

राजस्व संबंधित कार्यों, आधारभूत संरचना तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई. इसमें भारतमाला परियोजना, वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, बरलांगा कसमार सड़क निर्माण सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजनावार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली.

उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया. वहीं संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए. बैठक के दौरान उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई कर उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया. कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के साथ समन्वय करते हुए दिसंबर माह तक हर घरों में पानी की सुविधा उपलब्ध हो के संबंध में विशेष योजना तैयार करने को कहा.


समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त चंदन कुमार.

**पहल** — राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा में बोले संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा

# ‘ग्राम स्वराज के लिए ग्राम सभाओं को मजबूत करना जरूरी’

**संवाददाता। रामगढ़**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में 20वें दिन रामगढ़ प्रखंड के बारलोग से शुरू हुई. यात्रा के माध्यम से बारलोंग धोबी टोला, मुंडा टोला बरवाडीह, छोटकी कुंदरू, बरवाडीह सरहर महुआ, परछा छापर, कुंदरुकला, नावाडीह सरईया लोधमा और छत्तर में जनसंपर्क किया गया. इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार दिलाना और ग्राम सभाओं को मजबूत करना ग्राम स्वराज के लिए जरूरी है.


ग्राम स्वराज यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा.

महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो कल्पना की थी उसमें विकास के कामों को पंचायती राज संस्थाओं द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से पूरे अधिकार देते हुए करने की बात की, लेकिन आज पंचायती राज संस्थाओं को पूर्ण अधिकार दिए बगैर काम करवाया जा रहा है. ग्राम सभाओं को स्वतंत्र किया जाना जरूरी है.

ग्राम सभाओं के अधिकार के लिए जब तक आम जनता आवाज नहीं उठाएगी यह कभी भी पूरा नहीं हो सकता है. इसके लिए अब जन आंदोलन आवश्यक हो गया है. यात्रा में मुख्य रूप से रामगढ़ प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता, रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली, मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो, धीरेंद्र सिंह, कमलेश महतो, टिंकू खान, आजाद सिंह, पर्व उप प्रमुख मजहर वारिस, सज्जाद अंसारी, आवाज खान, जनवरी मुंडा, झलकू बेदिया, मोहिब अंसारी, ताजिद अंसारी, तैयब अंसारी, कौसर अंसारी, खेमन महतो, निरंजन बेदिया, आजाद अंसारी, अंसार अंसारी आदि उपस्थित थे.

**क्या कहा**

- पूर्ण अधिकार दिए बिना कार्य कराया जा रहा है
- ग्राम सभाओं को स्वतंत्र किया जाना जरूरी

# महायज्ञ : ओकनी के 7 मंदिरों में आज की जाएगी ग्राम पूजा



**संवाददाता। हजारीबाग**

श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ में ओकनी के सात मंदिरों में मंगलवार को ग्राम पूजा होगी. महायज्ञ संचालन समिति में शामिल वार्ड पार्षद विश्वनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि बड़ा व छोटा शिवमंदिर के अलावा ओकनी काली मंदिर, देवी मंडप, पंचमुखी हनुमान, बाबा विश्वनाथ मंदिर और दक्षिणेश्वर काली मंदिर में ग्राम पूजा होगी. वहीं बुधवार को ओकनी तालाब में पूजा-अर्चना के साथ गंगा आरती होगी. फिर करीब 801 महिलाएं सैकड़ों श्रद्धालुओं संग कलश यात्रा में शामिल होंगी. नगर भ्रमण करते हुए बुढ़वा महादेव तालाब से जल उठाया जाएगा. फिर वहां से सभी ओकनी बड़ा शिव मंदिर स्थित यज्ञ मंडप में प्रवेश करेंगे.

